आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कहा तीन नए आपराधिक कानून को लागू करने से पहले द्वीपसमूह में पुलिस बल को पूरी तरह प्रशिक्षित किया जा चुका है।
- आज विश्व जूनोसिस दिवस है।
- अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय की ओर से ग्रेट–निकोबार के बुजुर्ग नागरिकों के लिए भूतपूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- पर्यटन विभाग अन्य विभागों और प्रमुख पर्यटन हितधारकों के सहयोग से मानसून पर्यटन मेला का आयोजन करेगा।
- आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत मीठाखाड़ी के सामुदायिक हॉल में वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल पर आज शिविर का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कहा तीन नए आपराधिक कानून को लागू करने से पहले द्वीपसमूह में पुलिस बल को पूरी तरह इस बारे में प्रशिक्षित किया जा चुका है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि इन तीन नए आपराधिक कानूनों को न्याय समानता और मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

श्रीमती निहारिका भट्ट से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे आज शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

आज विश्व जूनोसिस दिवस है। यह दिवस विश्व में लोगों में पशुओं से मनुष्य में होने वाले संक्रमण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए की जाती है। यह दिन जूनोज़ को समझने, नियंत्रण और रोकथाम के उपायों में सुधार करने और वन हेल्थ को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देता है। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह क्षेत्र की अद्वितीय पारिस्थितिक और भौगोलिक विशेषताओं के कारण एक विविध और जटिल चुनौती पेश करता है। द्वीपों में प्रमुख जूनोटिक रोगों में लेप्टोस्पारोसिस, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, एन्फ्लूएंज़ा और कई अन्य बैक्टेरिया जनित बीमारियां शामिल है।

इन द्वीपों को रेबीज़ मुक्त माना जाता है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय विभिन्न रणनीतिक उपायों और पहलों के माध्यम से लेप्टोस्पारोसिस को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय लेप्टोस्पारोसिस की घटनाओं पर नज़र रखने के लिए नियमित निगरानी करता है। इसमें रूझानों की पहचान करने, प्रकोप का शीघ्रता से पता लगाने और समय पर हस्तक्षेप लागू करने के लिए रिपोर्ट किए गए मामलों पर डेटा एकत्र करना और उसका विशलेषण करना शामिल है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय समय–समय पर लेप्टोस्पारोसिस के संचारण के तरीकों, लक्ष्णों और निवारण के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करता है। द्वीपों में क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र आई सी एम आर क्षेत्र में लेप्टोस्पारोसिस को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय की ओर से ग्रेट निकोबार के बुजुर्ग नागरिकों के लिए भूतपूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैम्पबेल–बे के सामुदायिक हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बाला कृष्णन और श्रीमती लता साजू ने किया। कार्यक्रम में चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कैम्पबेल–बे और आस–पास के क्षेत्र के करीब एक सौ बीस भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने भाग लिया। तीसरे और चौंथे चरण के तहत अंडमान निकोबार कमान की मुख्यालय की टीम द्वारा लिटिल अंडमान, कार–निकोबार, कमोर्टा और ननकौड़ी में इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग अन्य विभागों और प्रमुख पर्यटन हितधारकों के सहयोग से मानसून पर्यटन मेला का आयोजन करेगा। बारह जुलाई को रोड–शो के साथ उत्सव का आगाज़ होगा। तेरह और चौदह जुलाई को शाम तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक कर्वाइंस–कोव तट पर समारोह आयोजित होगा। हर वर्ष जुलाई के मध्य में मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाता है, ताकि द्वीपसमूह को पूरे साल पर्यटक गंतव्य के रूप में बढ़ावा मिल सके। जलक्रीड़ा गतिविधियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि पर्यटक भी इसका आनन्द उठा सके। दो दिवसीय उत्सव के दौरान खान–पान के स्टॉल लगाए जाएंगे। वर्षा नृत्य का भी आयोजन होगा।

खान–पान के स्टॉल लगाने के इच्छुक लोगों से आवेदन फार्म पांच हजार रूपये की सुरक्षा जमा राशि के साथ नौ जुलाई से पहले प्राप्त कर इसे पर्यटन विभाग के योजना प्रकोष्ठ में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िले में सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। तमालू गांव के प्रियदर्शनी हॉल में कार–निकोबार के सहायक आयुक्त मुख्यालय ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कार–निकोबार के सभी ब्लॉकों के संबंधित विभागों को शत–प्रतिशत लक्ष्य जल्द से जल्द प्राप्त करने को कहा। आई सी डी एस आदिवासी परियोजना की ओर से पौष्टिक आहार मेला तथा बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के सभी लोगों ने बढ़–चढकर हिस्सा लिया। विभागों की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामवासियों ने अपने नाम दर्ज करवाए। ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को स्मारिका भेंट की गई।

<><><><><><><>

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाए जाने के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी की ओर से पर्यावरण जागरूकता पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। आज सवेरे दस बजे तक नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आज दिन में ग्यारह बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><><>

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत मीठाखाड़ी के सामुदायिक हॉल में वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल पर आज शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह दस बजे से दिन में एक बजे तक चलने वाले शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच के अलावा होमियोपैथी आयुर्वेद के डॉक्टरों से मरीज परामर्श भी ले सकते हैं। क्षेत्र के लोगों से इस आयुष शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

आम जनता की सुविधा के लिए नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक आयोजित होने वाला यह शिविर आज वन्डूर में लगेगा।

आठ और नौ तारीख को मीठाखाड़ी, दस और ग्यारह जुलाई को नमूनाघर, बारह और तेरह जुलाई को टुशनाबाद तथा पन्द्रह और सोलह जुलाई को वृंदावन तथा अट्ठारह और उन्नीस जुलाई को मनारघाट में शिविर लगेगा। अन्य दिनों के अलग–अलग तारीखों में भी शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि इक्कीस जुलाई तक बढ़ा दी गई है। उम्मीदवार सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

एम. वी. स्वराजद्वीप कल दोपहर बारह बजे विशाखापतन से आएगा। जहाज में छह सौ बहत्तर यात्री सवार है। जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

यह जहाज़ नौ जुलाई को सुबह नौ बजे चेन्नई के लिए छूटेगा। अतिरिक्त सामानों की जांच आठ जुलाई को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक होगी।

<><><><><><><>